

## एक नजर में

### शराब पीना, और परिवार के लोगों को गालियां देना क्रूरता, जिला कुटुंब न्यायालय मंदसौर का विवाह विच्छेद को लेकर अहम निर्णय

**मंदसौर।** न्यायालय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मंदसौर के न्यायालय में आवेदक अजय निवासी मंदसौर के द्वारा अपनी पत्नी हेमलता निवासी जयपुर राजस्थान के विरूद्ध धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 विवाह विच्छेद की याचिका अपने अभिभाषक के माध्यम से अनावेदिका के विरुद्ध इस बाबत पेश किया की अनावेदिका शराब सेवन करती है एंव परिवार के लोगों को गालिया देती थी, और झूठे केस में फंसाने की धमकी देती थी और आवेदक के विरुद्ध शारीरिक, मानसिक कुरुता की जाती थी, जिसको लेकर विवाह विच्छेद याचिका प्रस्तुत की गई, आवेदक द्वारा स्वयं की साक्ष्य और महत्वपूर्ण दस्तावेज पेश करते गए, जिसमें अनावेदिका द्वारा भी अपने अभिभाषक के माध्यम से सभी बातों को खंडन किया गया, जिस पर से पारिवारिक न्यायालय मंदसौर के द्वारा याचिका का निराकरण साक्ष्य एंव गुण दोषों के आधार पर महत्वपूर्ण निर्णय करते हुए आवेदक की याचिका स्वीकार कर उनके मध्य हुए विवाह को समाप्त कर विवाह विच्छेद किया गया, प्रकरण में आवेदक की और से सफल पेरवी अधिवक्ता अनिस मंसूरी, युसुफ मंसूरी आदि ने की है।

### लायंस क्लब मंदसौर ने कड़ाके की ठंड में 100 जरूरतमंदों को ओढ़ाए कंबल




**मंदसौर।** शहर में बढ़ रहे शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए लायंस क्लब मंदसौर द्वारा मानवता की सेवा में एक सराहनीय पहल की गई है। क्लब की ओर से मंगलवार रात 10 बजे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों और फुटपाथ पर सो रहे लोगों को 100 कंबलों का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य लायन सुनील विजयवर्गीय के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि लायंस क्लब सदैव सेवा कार्यों में अग्रणी रहता है। भीषण ठंड को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि कोई भी जरूरतमंद बिना गर्म कपड़ों के न रहे। रात की कड़कड़ाती ठंड में जब तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, तब क्लब के सदस्यों ने सड़कों पर निकलकर असहाय लोगों को राहत पहुँचाई। इस कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब के कई वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य सर्वश्री सुभाष बग्गा, प्रवीण राठौर, डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, डॉ. अशोक सोलंकी, विकास भंडारी, जितेंद्र मित्तल, सुनील बाफना, कपिल नाहटा, डॉ. नीलेश नागायच, गौरव रत्नावत, जयंत चौधरी, संदीप गुप्ता, डॉ. कमलेश पमनानी आदि उपस्थित रहे। क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने सभी सहयोगियों और उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### बार-बार बिजली कटौती से परेशानी

**पिपलियामण्डी।** खेड़ा खदान गांव में बार-बार बिजली गुल होने से रहवासी परेशान है। विद्युत वितरण कंपनी के तहसील अभियंता को शिकायत कर गांव के नीलेश पिता कारुलाल मेघवाल, मुकेश, दिनेश आदि ने बताया बार-बार बिजली बंद कर दी जाती है, जो घंटों बंद रहती है। जिससे विद्यार्थियों के साथ ही घरेलू कार्य करने में काफ़ी परेशानी हो रही है।

### खड़ी कार में आगजनी, अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**पिपलियामण्डी।** थाना नाहरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाजखेड़ी में खड़ी एक कार में अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है। सूचनाकर्ता राजु पिता रमेशचन्द्र कुमावत निवासी ग्राम बाजखेड़ी ने बताया रात्रि करीब 09 बजे उसने अपनी कार (जीजे 16 सीएस 9584) को दशरथ पिता भेरूलाल कुमावत के घर के सामने खड़ी की थी। इसके बाद वह घर के अंदर चला गया। रात्रि 12 बजे करीब बीच धुआं उठने और टायर फटने की आवाज सुनकर बाहर आकर देखा तो कार में आग लगी हुई थी और तेज धुआं निकल रहा था। मौके पर मौजूद मिट्ठु सेन एवं छोटा कन्हैयालाल की सहायता से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। आगजनी की इस घटना में कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह, अंदरूनी भाग पूरी तरह तथा आगे का बोनट भी बुरी तरह जल गया, जिससे करीब 3 लाख 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस द्वारा राजु कुमावत, परसराम कुमावत, फुलचन्द कुमावत, कन्हैयालाल कुमावत, दशरथ कुमावत एवं मिठुलाल पिता भंवरलाल (जाति नाई) निवासी ग्राम बाजखेड़ी के कथन दर्ज किए गए हैं। सभी गवाहों ने अपने बयान में आगजनी की घटना को अज्ञात व्यक्ति की करतूत बताया है। पुलिस ने मामले में धारा 326 के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

### नि:शुल्क कृत्रिम पैर चिन्हांकन शिविर 19 जनवरी को उज्जैन में आयोजित होगा

**मंदसौर।** उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग मंदसौर द्वारा बताया गया कि रोटरी क्लब ऑफ उज्जैन ग्रेटर द्वारा रत्नानिधि चेरिटेबल ट्रस्ट, मुंबई के सौजन्य एवं रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर अपटाऊन के सहयोग से 19 जनवरी 2026 को, प्रशांति गार्डन, होटल अंजूश्री के सामने, इंदौर रोड़, उज्जैन में नि:शुल्क कृत्रिम पैर चिन्हांकन शिविर का आयोजित किया जाएगा।

### 38वीं सब जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिये दो विद्यार्थियों का चयन



**दलौदा।** दलौदा स्थित श्री साँई पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियों का चयन ओपन नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। विद्यालय की कक्षा 8वी की छात्रा रिषिका कुंवर पंवार पिता भरत सिंह पंवार (निवासी गुराड़िया शाह) तथा कक्षा 7 वी के छात्र जितेंद्र लोहार पिता दिलीप लोहार (निवासी पालड़ी) का चयन 38वीं सब जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए किया गया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 9 से 12 जनवरी 2026 तक झज्जर (हरियाणा) में आयोजित की जाएगी। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, डायरेक्टर, असिस्टेंट डायरेक्टर, मैनेजर एवं समस्त शिक्षकगण ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नपाध्यक्ष परिषद का विशेष सम्मेलन बुलाए, ड्रेनेज और पेयजल वितरण के सिस्टम की समीक्षा करें

**मंदसौर।** इंदौर की घटना से भी नगर पालिका परिषद मंदसौर ने कोई सबक नहीं लिया मात्र जलकर समिति की मीटिंग बुलाकर इतिश्री कर ली गई। यह बात नगर पालिका परिषद में जनता के पार्षद सुनील बंसल ने कही। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष से मांग की है कि प्रदेश के इंदौर शहर में जो गंदे पानी की घटना हुई है वह निश्चित रूप से अत्यंत दुखद और मानवता को झकझोर देने वाली है ऐसी घटना से हमको सबक लेना चाहिए। देखने में आया है कि मंदसौर शहर के इतिहास में पहली बार कलेक्ट्रेट में होने वाली साप्ताहिक अंतर विभागीय यानी टी एल की मीटिंग नपा में आयोजित की गई। इसी से इंदौर की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इस बात की गंभीरता को समझा जा सकता है। श्री बंसल ने कहा कि निश्चित रूप से हमें भी पार्षदों की एक मीटिंग आवश्यक रूप से बुलानी चाहिए। नगर पालिका मंदसौर को सिर्फ जलकर समिति की मीटिंग बुलाकर कार्य योजना बनाकर उसे समस्या का निदान नहीं हो सकता। नगर पालिका अध्यक्ष को नगर पालिका परिषद मंदसौर का विशेष सम्मेलन बुलाकर मंदसौर शहर की विभिन्न क्षेत्रों में जल सप्लाई को लेकर जो परेशानियां है, कहां क्या दिक्कत है ? इन सबकी समीक्षा करनी चाहिए ताकि हम अपना शहर को स्वस्थ रख सके किसी भी जनहानि से हम बच सके। यह भगवान श्री पशुपतिनाथ जी की पवित्र नगरी है इस पर किसी प्रकार का कलंक नहीं लगे यह हम सबकी जिम्मेदारी है। सुनील बसंल ने नगर पालिका अध्यक्ष से पुरजोर मांग की है कि मंदसौर नगर के ड्रेनेज और पेयजल सप्लाई के सिस्टम की पूरी समीक्षा करें।

# किसानों को सिंचाई के लिए दिन में दस घंटे बिजली दी जाए : सिसोदिया

- सिंचाई के लिए दिन में बिजली देने, लाइनमैन के दुर्वव्हार व अन्य समस्याओं को लेकर चक्काजाम कर घेरा ग्रिड



**गुर्जर बरडिया।** क्षेत्र में लंबे समय से विधुत वितरण कम्पनी की मनमानी व लोड शेडिंग के नाम पर बिजली की आंख मिचौली से त्रस्त एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के कहे अनुसार सिंचाई के लिए दिन में बिजली नही दिए जाने के विरोध में गुरुवार को किसानों के साथ प्रदेश कांग्रेस सचिव कांग्रेस नेता परशुराम सिसोदिया, जिला पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर, धुँधड़का ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा के साथ बड़ी संख्या में किसानों ने गुर्जर बर्डिया ग्रिड का घेराव कर कम्पनी के खिलाफ व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, कोई सुनवाई नही होने पर आक्रोशित किसानों व कांग्रेसनेताओ ने मन्दसौर सीतामऊ रोड पर 30 मिनीट तक सांकेतिक चक्काजाम कर विरोध के दौरान जे ई विवेक मिश्रा से कांग्रेस जनों की तीखी बहस हुई उस के पश्चात मन्दसौर से डी ई दीपक जैन के आने पर किसानों के साथ चर्चा करने पर मामला शांत हुआ मामला उलझता देख अफजलपुर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह कनेश ने मय फोर्स के साथ मोर्चा संभाला प्रदेश के दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी लाइने लग गई। किसानों ने आरोप लगाया की लाइनमैन भी उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करता है इससे लोग काफी परेशान है इसे यहां से तत्काल हटाया जाए।

कांग्रेसनेता एवं क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे परशुराम सिसौदिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश की किसानों को रात्रि में पानी फेरने की जरूरत नही हम किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली देगे लगता है यह आदेश हवाहवाई होकर रह गया है। उनके आदेश की धज्जियां उड़ रही है क्षेत्र में अधिकांश लाइनमैन किसानों की समस्याओं को सुनने को तैयार नही है । इस मौके पर किशोर गोयल, मुकेश धाकड़, वेदप्रकाश शर्मा, आशाराम कुमावत, पुखराज जैन, गजराज सिंह पंवार, विक्रम नाथ, अंबालाल गुर्जर, गोपाल सिंह गुर्जर, दिनेश चौधरी, गौतमलाल, कचरू लाल कुमावत, किशोर सूर्यवंशी, रोहित जाट, श्यामलाल जाट, दिनेश टेलर, होकम सिंह तंवर, आदि सैकड़ों किसान एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय न्याय यात्रा में भाग लें कार्यकर्ता

- देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व मुकुल वासनिक के आने की भी है संभावना

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार इंदौर में जहरीले पानी से हुई मौतो के खिलाफ कांग्रेस द्वारा प्रदेश स्तरीय न्याय यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा दिनांक 11 जनवरी 2026, प्रात: 11 बजे इंदौर के बड़ा गणपति मंदिर से प्रारंभ होकर राजवाड़ा चौक तक निकाली जाएगी। इस अवसर पर देश के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी एवं वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक के आने की संभावना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के सभी बड़े नेता, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे।

मंदसौर, नीमच एवं जावरा संसदीय क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं से अपील है कि वे इस प्रदेश स्तरीय न्याय यात्रा में सम्मिलित होकर न्याय की लड़ाई में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। मन्दसौर सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने बताया कि 'यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जनता के जीवन और अधिकारों की रक्षा का संकल्प है।' प्रदेश महासचिव कांग्रेस आई टी सेल विभाग विश्वास दुबे ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि 'इंदौर पहुँचकर न्याय की इस लड़ाई को और अधिक सशक्त बनाएँ।'

'प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षा के लिए यह न्याय यात्रा एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी। यह न्याय यात्रा जहरीले पानी से हुई मौतों के खिलाफ जनता की आवाज़ को बुलंद करने का प्रतीक है। कांग्रेस पार्टी जनहित में न्याय की माँग को लेकर प्रतिबद्ध है और इस यात्रा में हर वर्ग की भागीदारी अपेक्षित है।

### ताश पत्ती से जुआ खेलते 7 गिरफ्तार

**पिपलियामण्डी** थाना नाहरगढ़ व नारायणगढ़ पुलिस ने जुआ खेलते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। जबकि 15 आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। नाहरगढ़ को संजीत एवं संजीत मगरा के बीच मोनू पिता चांद खां मेवाती के खेत के पास जुआ खेले जाने की सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी। करीब 45 जुआरी भाग खड़े हुए, जबकि 3 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। मौके से ताश पत्तियां एवं नगद राशि जब्त कर धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने अनिल जगावत, निवासी ग्राम ढोरी, फिरोज पिता वहीद खां मेवाती, निवासी संजीत मगरा एवं इंदरमल पिता रोडमल राठौर, निवासी संजीत को मौके पर पकड़ लिया गया। वहीं संजीत व संजीत मगरा निवासी निवासीजाकीर खां मेवाती, छोटु पिता भुलिया पठान, भूरिया । साबिर खां मौके से फरार हो गए.

## नगर पालिका में उड़ रही महिला सशक्तीकरण की धज्जियां : ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

**मंदसौर। भाजपा के नेता अपने भाषणों में महिला सशक्तीकरण के बडे -बड़े दावे करते है। लेकिन मंदसौर में महिला सशक्तीकरण की धज्जियां उड़ाई जा रही है। संवैधानिक रूप से जो हक महिला जनप्रतिनिधियों को मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है।**

उक्त बात कहते हुए मंदसौर ब्लॉक कांग्रेस की अध्यक्ष सुश्री इष्टा भाचावत ने बताया कि मंदसौर नगर पालिका में महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पति या पुत्र काम काज को संभाल रहे है जिससे न सिर्फ काम काज अवरूद्ध हो रहा है वहीं नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी अहज महसूस करते है। इसी का एक ताजा मामला हाल ही में हमें देखने को मिला जब एक महिला पार्षद के पति ने नगर पालिका के इंजिनियर के साथ मारपीट कर दी और जब पीडित व्यक्ति थाने पहुंचा तो भी उस पर सत्ता का दबाव बनाया गया।

सुश्री भाचावत ने बताया कि घटना के तीन दिन बाद भी व्यवस्थाएं सुचारू नहीं हो पाई एक पार्षद प्रतिनिधि की गलती का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है दो दिन से नगर पालिका में काम काज ठप्प रहे। सुश्री भाचावत ने बताया कि कुछ भी घटनाक्रम हुआ हो लेकिन इस प्रकार सरकारी कर्मचारी से मारपीट करना बिल्कुल भी उचित नहीं है और किसी को भी इस प्रकार की घटना का पक्षधर नहीं होना चाहिए। जबकि मारपीट करने वाला व्यक्ति सत्ताधारी पार्टी से संबंध रखता है।

सुश्री भाचावत ने कहा कि पार्षद पति को यह भी सार्वजनिक करना चाहिए कि कौन सा मुद्दा या कौन सा विकास कार्य जनहित का था जो नपा कर्मचारी नही कर रहा था जिस पर पार्षद पति को इतना गुस्सा आ गया कि मारपीट तक करना पड़ी। सुश्री भाचावत ने बताया कि यदि नगर पालिका में अफसरशाही हावी है तो भाजपा के जनप्रतिनिधियों को अपने वरिष्ठ नेतृत्व को इससे अवगत कराना चाहिए न कि इस प्रकार मारपीट करना चाहिए। लगभग 20 से अधिक वर्षो से कांग्रेस प्रदेश में सत्ता में नहीं है लेकिन फिर भी कभी किसी कांग्रेस के व्यक्ति ने इस प्रकार की हरकत नहीं की। नगर पालिका में कुछ भी गलत हो रहा है तो सत्ता में बैठे लोगों को इस पर विचार करना चाहिए और सुधार करना चाहिए।

## मंदसौर की टीम प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी छत्तीसगढ़ हेतु प्रस्थान




**मन्दसौर। जिला स्काउट संघ के प्रवक्ता मोहम्मद उमर शेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी एवं जिला आयुक्त गाइड टेरेसा मिंज जिला शिक्षा अधिकारी जिला स्काउट संघ मंदसौर के निर्देशानुसार स्काउट गाइड रोवर रेंजर जंबूरी छत्तीसगढ़ हेतु जिले की टीम शामगढ़ स्टेशन से रवाना हुई।**

टीम रवाना होने से पूर्व शामगढ़ स्टेशन प्लेटफॉर्म पर सभी रोवर रेंजर तथा यूनिट लीडर राजेश पांडे का गुलाल लगाकर पुष्पहार से स्वागत किया गया।

रोवर रेंजर टीम को बधाई देते हुए पूर्व विकासखंड स्काउट प्रभारी कमलाकांत उपाध्याय ने बताया कि भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन 9 से 13 जनवरी तक दूधली जिला बालोद छत्तीसगढ़ राज्य में किया जा रहा है, इस ऐतिहासिक जंबूरी में 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के सीनियर स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर सभी सहभागिता कर रहे हैं।

इस राष्ट्रीय आयोजन में युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सहभागिता को सशक्त करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की बहु उद्देश्यीय गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उक्त अवसर पर जिला स्काउट काउंसलर जी.एल.भावसार ने जंबूरी कैंप में रोवर रेंजर को अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा की भावनाओं के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

पूर्व विकासखंड स्काउट मीडिया प्रभारी दयाराम शर्मा ने जंबूरी कैंप में सहभागिता कर रहे पूरी टीम के स्वागत के लिए स्वस्तिवाचन कर उन्हें गुलाल फूल मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं और बधाई दी।

उत्त कार्यक्रम के अवसर बालक उच्चतर माध्यमिक शिक्षक विद्यालय से प्रभारी प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता, रमेशचंद चौधरी, उ.मा.वि.बरडिया इस्तमुरार से कन्हैयालाल नायमा आदि उपस्थित रहे।

## जिला विकास सलाहकार समिति का हुआ गठन

**मंदसौर।** जिले के समग्र एवं दीर्घकालीन विकास को दृष्टिगत रखते हुए मंदसौर जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। समिति की उपाध्यक्ष महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया हैं, जबकि सदस्य/सचिव मंदसौर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग रहेंगी।

समिति में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर सदस्य होंगे। इसके अतिरिक्त सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग, गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, मंदसौर विधायक विपीन जैन, मंदसौर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार समिति के सदस्य बनाए गए हैं।

साथ ही मंदसौर जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, मल्हारगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पाबाई कन-?हैयालाल पाटीदार, सीतामऊ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रूकमणबाई मांगीलाल, गरोठ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंतरकुवंर रणजीतसिंह, भानपुरा जनपद पंचायत अध्यक्ष विजय पाटीदार को भी समिति में शामिल किया गया है।

समिति के अन्य सदस्यों में राजेश दीक्षित, यशपालसिंह सिसोदिया, देवीलाल धाकड़, राधेश्याम पाटीदार, मदनलाल राठौर, अनिल कियावत, श्रीमती सुषमा आर्य, मुकेश काला, मानसिंह माछोपुरिया, नानालाल आटोलिया, धीरज पाटीदार, रमेशचंद्र चंद्रे, गोपाल पटवा, श्रीमती प्रियंका गोस्वामी, संजय मुरडिया, विकास सुराना, तेजपालसिंह शक्तावत, राधेश्याम कुमावत, क्षितिज पुरोहित एवं विकास भंडारी शामिल हैं।

### समिति के उद्देश्य एवं कार्य

जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों की आवश्यकताओं एवं सुझावों के अनुरूप जिले के दीर्घकालीन विकास की योजना तैयार करना। जिले की परंपरागत एवं स्थानीय कौशलों को चिन्हित कर प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल के सिद्धांत के अंतर्गत राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करते हुए जिले की समृद्धि का रोडमैप तैयार करना।

## नियम विरुद्ध खदानों का आवंटन कर प्रभारी खनिज अधिकारी ने किया भ्रष्टाचार

**मंदसौर।** गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय मंदसौर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग , महिला एवं बाल विकास विभाग, खनिज विभाग, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, एमपीआरडीसी, एनएचएआई विभाग सहित 54 विभागों की समीक्षा की गई। खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने मंदसौर जिले में नियम विरुद्ध खदान आवंटन का मुद्दा उठाया, जिला पंचायत अध्यक्ष ने तथ्यों सहित विषय रखते हुए कहा कि 134 करोड रुपए की वसूली लंबित होने के बावजूद एमकेसी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को पुन: खदान आवंटित कर दी गई, जो नियमों के विरुद्ध है। खदान आवंटन में प्रभारी खनिज अधिकारी भावना सेंगर द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया गया है, जिला पंचायत अध्यक्ष ने कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा के एक पत्र का भी हवाला दिया जिसमें प्रभारी खनिज अधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण दिया गया था कि एमकेसी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर 134 करोड़ रुपए के अवैध खनन के प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जो की वरिष्ठ कार्यालय में प्रचलित हैं कंपनी पर उक्त राशि प्रस्तावित की गई है ना की अधिरोपित, जिला पंचायत अध्यक्ष ने आरटीआई में प्राप्त की गई एक जानकारी का हवाला देकर कहा कि एमकेसी कंपनी पर पेनल्टी लगने के बावजूद भी उन्हें फिर खदान आवंटित कर दी गई और तथ्यों को छुपाया जा रहा है खनिज अधिनियम 1996 के नियम 18 और 68 का जो हवाला दिया गया है उनका अध्ययन करने पर यह पाया गया कि प्रभारी खनिज अधिकारी सेंगर लगातार नियमों के विरुद्ध जाकर बड़े-बड़े ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रही है, मध्य प्रदेश गौण खनिज अधिनियम 1996 के नियमों का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है, जिसमें अधिकारियों द्वारा स्पष्ट रूप से भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है खनिज खदान आवंटन की जांच उच्च स्तरीय जांच कमेटी द्वारा किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

**एक नजर** — जलकुंभ से कॉलोनियों और बस्ती के कुएं , नलकूप भी दूषित हो सकत है

## जलकुंभी से भी संक्रामक रोग फैलने का खतरा : डॉ . वर्मा



**नीमच।** नीमच के नालों में जलकुंभी संक्रामक रोगों का कारण बन सकती है, जो महामारी का रूप भी ले सकती है। उक्त आशय का बयान जारी करते हुए नगरपालिका के पूर्व स्वास्थ्य सभापति डॉ.पृथ्वीसिंह वर्मा ने कहा कि जलकुंभी से पानी में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जिसके कारण बैक्टीरिया और कीटाणु पनपते हैं जो दूषित जल से होने वाले रोग जैसे हैजा, टाइफाइड, पेचिश, पीलिया और पेट खराबी से उत्पन्न कई रोग पैदा करते हैं। इसके जल के सम्पर्क में आने से त्वचाजनित रोग और फंगल इंफेक्शन और जलन भी होती है। इसके दूषित पानी में रहने से मछलियां और अन्य जलजीव भी मर जाते हैं। यह पानी मच्छर और अन्य बीमारियों का प्रजनन स्थल बन जाता है।

डॉ. वर्मा ने कहा कि जलकुंभ से पास की कॉलोनियों और बस्ती के कुएं और नलकूप भी दूषित हो सकते हैं। इन्दौर में हुई दूषित पानी से सैंकडों लोग बीमार हो गए और बीस से अधिक लोग मृत्यु का शिकार हो गए। इस कारण विकासनगर, हुडको, जवाहर नगर, शास्त्री नगर, एकता कॉलोनी, स्कीम नं.9 और नीमच सिटी के लोगों में डर का माहौल है, कहीं जलकुंभी के दूषित जल से वे इसकी चपेट में नहीं आ जाएं। इन नालों के पानी से आसपास के खेतों में उगाई जाने वाली सब्जियों की खेती की सिंचाई भी होती है। उस पानी में जलकुंभी के अलावा शहर की नालियों का दूषित जल भी मिला होता है जो इनमें उगाई और सिंचित खेतों की सब्जियों को सौ प्रतिशत तक प्रदूषित कर रही हैं। इन खेतों की सब्जियों से दुर्गध भी आती है। सब्जी खाने वालों को पता नहीं रहता कि यह सब्जी नाले के पानी से सिंचित है या कुंए के पानी से। अनजाने ही वे सब्जियों के मार्फत अपने घर में बीमारी खरीद कर ला रहे हैं।

डॉ.वर्मा ने कहा कि नीमच नगरपालिका अध्यक्ष पिछले तीन साल से इन नालों की सफाई करवाने की बात कह रही हैं, मगर आज तक एक फीट भी नालों की सफाई नहीं हुई है, बल्कि प्रदुषण हजार गुना बढा है। डॉ.वर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन को इसे प्राथमिकता के आधार पर लेकर इन नालों की सफाई करवाना चाहिए और ऐसी व्यवस्था करना चाहिए कि इन नालों के पानी से सिंचाई नही हो और ये नाले प्रदूषित नहीं हों, वरना एक दिन नीमच शहर भी किसी महामारी की चपेट में आ सकता है।